दैनिक सायंकालीन

# कानून व्यवस्था

वर्ष: 16 | अंक: 135 | E-mail : kvjpr1@gmail.com | जयपुर, (सोमवार) 01 दिसंबर, 2025 | RNI.No.RAJHIN/2010/33272 | मूल्य 1 रुपए | पृष्ठ: 4

## 15 दिसंबर को सरकार के 2 साल पूरे होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार संभव

आज मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावनाओं पर मीडिया स्टोरी चल रही थीद्व 15 दिसंबर को हो रहे है राजस्थान सरकार के पूरे 2 साल

राजस्थान में 15 दिसंबर के बाद हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तारद्व अब राजस्थान मंत्रिमंडल को फिर मिला अभयदानद्व नए मंत्री बनने वालो में फिर कुछ दिनों की मायूसीद्व अब राजस्थान सरकार के 2 साल पूरे होने के बाद ही होना संभवद्व 15 दिसंबर को राजस्थान के मुख्यमंत्री का जन्मदिन और राजस्थान सरकार के 2 साल पूरे

10 दिसंबर को राजस्थान में प्रधानमंत्री के आने की संभावना को देखते हुए टल सकता है मंत्रिमंडल विस्तारद्व जिन मंत्रियों के हटने की संभावना लग रही है उन्हें कुछ दिन की और मिली राहत, मुख्यमंत्री और भाजपा आलाकमान के बीच सिद्धांततः हो चुकी आंशिक सहमति



कानून व्यवस्था

मंत्रिमंडल में आमूलचूल परिवर्तन के लिए सहमति, ... लेकिन अब जानकार सूत्रों ने किया खुलासा करते हुए कहा-÷बहुप्रतीक्षित संभावित तिथि 2 दिसंबर को नहीं हो रहा फेरबदल, तो ऐसे में आखिर अब कब होगा यह

## राजस्थान में सरकार के 2 साल पूरे हो जाने के बाद हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

बहुप्रतीक्षित फेरबदल ?, सूत्रों के अनुसार इस सवाल का जवाब है दिल्ली में केवल शीर्ष नेतृत्व के पास, इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 दिसंबर को आ सकते जयपुर, राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन के लिए आ सकते जयपुर, ... क्योंकि राज्यों में औद्योगिक निवेश को आमंत्रित करना नरेंद्र मोदी की शुरू से रही है एक बड़ी प्राथमिकता, इस हेतु एक या दो दिन में मुख्यमंत्री दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री को देंगे औपचारिक निमंत्रण, प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री खेमा बेहद उत्साहित, ... लेकिन दूसरी ओर फेरबदल अनिश्चितकाल के लिए टलने से उन सभी लोगों के मन में आ रहा निराशा का भाव, ... जो नया सूट सिलवाकर 2 दिसंबर को राजभवन के बुलावे का कर रहे थे इंतजार, अब इन लोगों को लोकसभा सत्र समाप्त होने के उपरांत मंत्रिमंडल फेरबदल की उम्मीद, ... लेकिन फिर भी मन में है एक आशंका, ... कि अगर एक बार कोई चीज टल जाती है तो न जाने कब निकले नया मुहूर्त, ... लेकिन इस सारे माहौल में एक बात है पक्की, ... कि गुजरात पैटर्न पर मुख्यमंत्री की कुर्सी है पूरे तौर पर सुरक्षित।

## ऐसे होने चाहिए मंत्री, मिसाल कायम हुई

पूर्व मंत्री कुम्भाराम आर्य की याद आई, उन्होंने टूटी कुलड़ी पर कोयले से लिखा था आदेश

कानून व्यवस्था



मंत्री किरोड़ी ने महिला के हाथ पर लिखा आश्वासनः कोई भी गौशाला के काम को नहीं रोकेगा; जयपुर में चाय की थड़ी पर की जनसुनवाई कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने महिला के हाथ पर लिखा- कोई भी गोशाला का काम नहीं रोकेगा। गोशाला की जमीन पर अतिक्रमण नहीं होगा। मंत्री मीणा सोमवार को जयपुर एयरपोर्ट स्थित चाय की थड़ी पर जनसुनवाई कर रहे थे। दरअसल, सिकराय (दौसा) से आई एक महिला ने मंत्री से गोशाला की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत की थी। इस पर मंत्री ने मौके पर महिला के हाथ पर लिखकर आश्वस्त किया कि ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

## आप का आरोप भाजपा पर

कानून व्यवस्था



बिहार के बाद 16 राज्यों में चल रहे SIR को लेकर AAP पार्टी ने नया आरोप लगाया है। AAP ने दावा किया कि SIR का उद्देश्य दिल्ली-हरियाणा के उन मतदाताओं की पहचान करना था जिन्हें मुफ्त टिकट देकर बिहार भेजा गया और भाजपा के पक्ष में मतदान कराया गया। AAP प्रदेश अध्यक्ष सौरभभारद्वाज SIR के नाम पर धांधली का आरोप लगाता हुए कहा कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में हेरफेर कर भाजपा को लाभपहुंचा रहा है।

## एकल पट्टा मामले में सुप्रीम कोर्ट में धारीवाल की याचिका खारिज, गिरफ्तारी पर लगी रोक रहेगी बरकरार

कानून व्यवस्था



बहुचर्चित एकल पट्टा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मंत्री शांति धारीवाल की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को सुनने से इनकार कर दिया. जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए 1 नवंबर के आदेश को बरकरार रखा. स्पष्ट किया कि मामला एसीबी कोर्ट जयपुर में लंबित प्रोटेस्ट पिटीशनों के निपटारे तक शांति धारीवाल के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई/गिरफ्तारी नहीं की जाएगी. धारीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा. राजस्थान सरकार की पैरवी अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा, इंटरवीनर अशोक पाठक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर सुल्तान सिंह, एडवोकेट अजीत कुमार शर्मा और आदित्य विक्रम सिंह ने की.

## मरे हुए व्यक्तियों के नाम पर 318 करोड़ रुपए उठा लिए

राजस्थान में 300 करोड़ का घोटाला !

कानून व्यवस्था



राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में बड़ा घोटाला सामने आया है। मृत व्यक्तियों के नाम पर लगभग 318 करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला हुआ है। जांच में सामने आया है कि जालोर, पाली, सिरोह सहित पूरे प्रदेश में 3 लाख से अधिक फर्जी पेंशनधारक सक्रिय थे। यह फर्जीवाड़ा स्थानीय अधिकारियों, ग्राम सेवकों और बैंक कर्मचारियों की मिली भगत से चल रहा था। इस मामले में अब कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

## कोहली पर किस्मत की देवी मेहरबान है

कानून व्यवस्था



साउथ अफ्रीका के खिलाफ विराट कोहली की 135 रन की तूफानी पारी पर शोएब अख्तर ने रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा 'उन पर किस्मत की देवी मेहरबान है। शतक पर शतक लगाते जाएं और इसी तरह भारत को जिताते रहें। 100 रन के बाद भी विकेटों के बीच जिस तरह की रनिंग रही, उससे कहीं नहीं लगा कि वो सांस लेने के लिए भी रुके हों। वो परफेक्ट एथलीट हैं और इस प्रदर्शन के वो हकदार हैं। इसके लिए उन्होंने काफी तैयारी की है।'

## नवंबर में UPI से 2,047 करोड़ ट्रांजैक्शन

कानून व्यवस्था



नवंबर महीने में देशभर में UPI के जरिए 2,047 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जिसमें 26.32 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। सालाना आधार पर लेनदेन की संख्या 32 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, ट्रांसफर की गई राशि में 22 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस दौरान रोजाना औसतन 68.2 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए और 87,721 करोड़ राशि ट्रांसफर की गई। इससे पहले अक्टूबर में 2,071 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 27.28 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

## 'कुत्ता काटता नहीं है' संसद भवन में कुत्ता ले आई सांसद महोदया

'कुत्ता काटता नहीं है' संसद भवन में कुत्ता ले आई सांसद महोदया

काटता नहीं है संसद परिसर में कार में पालतू कुत्ता लेकर पहुंचीं रेणुका चौधरी



कानून व्यवस्था

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी अपने पालतू कुत्ते को गाड़ी में लेकर संसद भवन पहुंचीं, जिससे एक नया विवाद खड़ा हो गया. इस पर बीजेपी ने उनके खिलाफ एक्शन लेने की मांग की गई है. जब इसे लेकर रेणुका चौधरी से सवाल किया गया तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, ÷इसमें क्या तकलीफ है? गूंगा जानवर अंदर आ गया तो क्या तकलीफ है, इतना छोटा-सा तो है. यह काटने वाला नहीं है, काटने वाले तो और हैं पार्लियामेंट के अंदर।

## सोना-चांदी में आज भयंकर तेजी

कानून व्यवस्था



सोने और चांदी के दाम में आज तेजी देखने को मिली है। 24 कैरेट गोल्ड 2,011 रुपए महंगा होकर 1,28,602 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,17,799 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इधर चांदी आज 9,381 रुपए की भयंकर तेजी के साथ 1,73,740 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। बीते कुछ दिनों से इन कीमती धातुओं के दाम में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

## आपको हार का दर्द है तो डॉक्टर को दिखाएं

नड्डा राज्यसभा में खड़गे के बयान पर नड्डा ने कहा

कानून व्यवस्था



हमें सम्मान कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। मुझे लगता है कि हमारे विपक्ष के नेता बहुत सम्मानजनक हैं। बिहार, हरियाणा और महाराष्ट्र में हार से आपको बहुत दर्द हुआ है, लेकिन आपको अपना दर्द और तकलीफ किसी डॉक्टर को बतानी चाहिए। समय आने पर आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए। खड़गे ने कहा था कि 'कई लोगों ने दावा किया है कि सभापति राधाकृष्णन उनकी पार्टी के हैं।'

## आसाराम खूब घूम रहे है अपने दिल के इलाज के लिए जमानत दे दी, रद्द करे जमानत

आसाराम के खिलाफ SC पहुंची रेप पीड़िता, जमानत रद्द करने की मांग

कानून व्यवस्था



आसाराम को राजस्थान और गुजरात हाईकोर्ट ने भी दिल से संबंधित बीमारी की इलाज के लिए जमानत दे दी थी। अब आसाराम को 6 महीने की जमानत मिलने के खिलाफ पीड़िता सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। उसने आसाराम की जमानत रद्द करने की मांग की है। पीड़िता के वकील ने कहा उन्हें कोई तकलीफ नहीं है। वह अहमदाबाद, जोधपुर, इंदौर आदि स्थानों पर घूमते रहे हैं। उन्होंने कभी किसी अस्पताल में लंबी अवधि का इलाज नहीं लिया।

## भारत की GDP देखकर PAK एक्सपर्ट ने कहा...

कानून व्यवस्था



भारत की अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर जोरदार प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि की चर्चा पाकिस्तान में भी हो रही है। पाक एक्सपर्ट ताहिर गोरा ने भारत को बधाई देते हुए अपने देश की स्थिति पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि फर्क देखिए दोनों देशों में कि भारत अपना ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत के साथ रिकॉर्ड लेवल पर नोट कर रहा है और पाकिस्तान आतंकवाद से जुड़े ऑपरेशंस की गिनती कर रहा है।

## गुटखा पान मसाला बनाने वालों पर कसेगा शिकंजा, सरकार ला रही है नया बिल

कानून व्यवस्था




केंद्र सरकार गुटखा और पान मसाला उद्योग पर अब तक की सबसे बड़ी सख्ती करने जा रही है. लंबे समय से इन उत्पादों के बढ़ते इस्तेमाल, स्वास्थ्य जोखिमों और टैक्स चोरी की शिकायतों के बाद सरकार ने अब एक नया और कड़ा वित्तीय प्रावधान लागू करने की तैयारी कर ली है. सरकार 'नेशनल सिक्योरिटी और जन स्वास्थ्य सेस' नाम का नया टैक्स लगाने की योजना बना रही है, जिसके जरिए न केवल इन उत्पादों के निर्माताओं पर नियंत्रण मजबूत किया जाएगा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और पब्लिक हेल्थ मिशनों के लिए अतिरिक्त संसाधन भी जुटाए जाएंगे।

## विधायक अपना शपथ नहीं पढ़ पाई

नहीं पढ़ पाईं शपथ तो पास बैठी JDU विधायक से बोलीं- छुटकी पढ़ ना, बता ना

कानून व्यवस्था



बिहार के नवादा की विधायक (JDU) विभा देवी के शपथ ग्रहण का वीडियो वायरल हो रहा है। विभा शपथ ग्रहण के दौरान शपथ पत्र ठीक से नहीं पढ़ पा रही थीं। इस दौरान वह बार-बार अटकती रहीं। फिर पास बैठी विधायक मनोरमा देवी की मदद से उन्होंने अपना शपथ ग्रहण पूरा किया। विभा देवी, मनोरमा देवी से कहती हैं- छुटकी पढ़ ना, बता ना। अब यूजर्स इस पर खूब कमेंट कर रहे हैं। उनका कहना है-अनपढ़ महिला कैसे करेगी नवादा का विकास?

# 56 यूनिट हुआ रक्त संग्रह

कानून व्यवस्था



**कुमार प्रवीन** बयाना। कस्बा बयाना में मिराना रोड स्थित डॉ राधेश्याम मावई के सानिध्य में बंसल मेडिकोज और एचडीएफसी बैंक के वैनर तले स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन शिविर रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें भरतपुर की आर बी एम की टीम के अलावा सुमन ब्लड बैंक हिंडोन सिटी द्वारा ब्लड एकत्रित किया गया ।शिविर की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। ब्लड डोनेशन करने वाले रक्तवीरों के लिए एनर्जी ड्रिंक के अलावा केला व बिस्किट भी दिए गए ।यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला। जिसमें करीब 56 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया।भरतपुर आर बी एम टीम द्वारा 24 यूनिट का संग्रहण किया गया साथ ही सुमन बल्ड बैंक हिंडोन सिटी द्वारा 32 यूनिट ब्लड संग्रहण किया गया।सभी रक्त दानवीरों के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।शिविर में डॉ0 आर एल मीना,मनीष धाकड़,धीरज बंसल,विष्णु चौरसिया,नितेश सहित गण मान्य जन मौजूद रहे।

# कुमावत समाज बैंगलोर महिला मंडल की अध्यक्ष बनी जलान्द्रा

कानून व्यवस्था



रविवार को श्री कुमावत समाज बैंगलोर सिटी मे महिलाओं की समाज भवन में महत्वपूर्ण मीटिंग रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या ने महिलाओं ने भाग लिया, श्री कुमावत समाज बैंगलोर अध्यक्ष मानक चंद सिंडद ने महिला मंडल गठित करते हुएलक्ष्मी देवी जलान्धरा को सबकी सहमति से अध्यक्ष बनाया गया , बाद मे जलान्द्रा अपने विचार प्रकट करते हुए सभी महिलाओं को हाथ से हाथ मिलाकर समाज के कार्य करने लेकर समाज के अध्यक्ष सिंडद को भरोसा दिलाया। इस मोके पर समस्त कुमावत समाज बैंगलोर के पदाधिकारी मौजूद थे

# बाड़मेर शहर बदहाली के कगार पर, जनाक्रोश की चेतावनी मुकेश जैन

कानून व्यवस्था



**बाड़मेर** शहर में लगातार बिगड़ती बुनियादी सुविधाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट मुकेश जैन ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन को आगाह किया है कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो जनता को मजबूरन जनांदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, उन्होंने इस संबंध में विधायक, जिला कलेक्टर, नगर परिषद प्रशासक एवं संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की है। एडवोकेट जैन ने कहा कि शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को बुरी तरह खोद दिया गया, लेकिन आज तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। पूरे शहर में जगह-जगह गड्ढों का साम्राज्य बन चुका है, जिससे आमजन का आवागमन दूभर हो गया है। हालात ऐसे हैं कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और महिलाएं, बच्चे तथा बुजुर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों के कारण नागरिकों को रीढ़ और कमर दर्द जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। गलियों और मोहल्लों में गंदगी के ढेर लगे हैं, नालियों की समय पर सफाई नहीं हो रही है और जगह-जगह मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जैन ने बाड़मेर विधायक के शहर के बिगड़ी हुई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है।

## विश्व एड्स दिवस पर एफपीए इंडिया द्वारा एचआईवी/एड्स जागरूकता और हेल्थ कैंप का आयोजन

कानून व्यवस्था




**हरमाड़ा** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एफपीए इंडिया ने अपोलो ट्रू फाउंडेशन के सहयोग से विश्वकर्मा में एचआईवी/एड्स जागरूकता कैंप और जनरल हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, एड्स से जुड़े भ्रम और भेदभाव को दूर करना तथा लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना था।कैंप के दौरान विशेषज्ञों ने एड्स की रोकथाम, उपचार, काउंसलिंग और उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, Gender Based Violence (GBV) पर एक विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं और पुरुषों को घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता, अधिकारों और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई।एफपीए इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज वर्मा और नवीन के निर्देशन एवं देखरेख में यह पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कैंप में लगभग 200 लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा यह महत्वपूर्ण संदेश दिया गया

## सीएससी टहला के प्रभारी वरिष्ठ डां. उमराव सिंह द्वारा सुविधाजनक उपकरण दान कराएं

कानून व्यवस्था



**राजगढ़ (अलवर)** उपखंड क्षेत्र राजगढ़ के टहला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण बाद अस्पताल आगंतुक नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्धता के प्रेरित प्रयास में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं सीएचसी प्रभारी उमरावसिंह मीना द्वारा तहसील क्षेत्रीय भामाशाहो से सम्पर्क अनुरोध पर अस्पताल में जनसुविधाएं संसाधन भेंट कराए । इस उत्कृष्ट पहल पर टहला अस्पताल में आयोजित दानदाताओं के स्वागत सत्कार कार्यक्रम में अस्पताल के समस्त स्टाफ द्वारा क्षेत्रीय भामाशाहों को माल्यार्पण,मिठाई वितरित एवं साफा बांधकर अभिनंदन आभार प्रकट किया । कार्यक्रम के अवसर पर डां उमराव सिंह ने बताया कि नवीन भवन में पूर्व की भांति आवश्यक बेहतरीन जनसुविधाएं प्रयास में वाटर कूलर किशनलाल मीना दोलतपुरा, प्रेमलता बाबूलाल महंत प्रशासक टहला द्वारा हवा संचालित के लिए बड़ा कूलर , इंद्रजीत राजपूत प्रतिनिधि खोह दरीबा द्वारा कूलर, संतरा मुकेश मीना प्रशासक तालाब, रामकरण बैरवा प्रशासक घेवर, , बद्री प्रसाद मीना तिलवाड, नाथूराम मीना ढाणी सिटावट ने श्री इन? वन स्टील सिटिंग कुर्सी का एक एक सेट भेंट किया है।

## नई नाथ धाम मंदिर में भोले बाबा की फूल बंगले से सजी आकर्षक झांकी

कानून व्यवस्था



**बस्सी रिपोर्टर /योगेश कुमार गुप्ता** जयपुर जिले के बस्सी क्षेत्र स्थित नई नाथ धाम मंदिर में सोमवार को भोले बाबा के मंदिर में फूल बंगले से आकर्षक झांकी सजाई गई इस मौके पर पुजारी बाबूलाल योगी, द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करके आरती की गई इस दौरान पवन योगी, अंकित योगी, रामखिलाड़ी योगी, मौजूद थे इस मौके पर काफी दूर दराज से आए श्रद्धालुओं द्वारोले बाबा के मंदिर में दूध जल भांग धतूरा प्रसाद बैंगन बुहारी आदि चढ़ाकर भोले बाबा की जय जयकार लगाते हुए अपने परिवार की सुख शांति की मनोकामना मांगी इस मौके पर बांसखोह चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार समस्त स्टाफ पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से किया

# गुर्जर समाज की साधारण सभा में नए पदाधिकारी निर्विरोध चुने



कानून व्यवस्था

**जमवारामगढ़** । सामूहिक विवाह आयोजन समिति गुर्जर समाज जयपुर की साधारण सभा रविवार को श्री देवनारायण मंदिर, चोमोरिया आमेर रोड कनक घाटी में समिति अध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर ( पोषवाल) की अध्यक्षता में आयोजित की गई।पिछली बैठक में निर्धारित कोरम पूरा न होने से सभा स्थगित करनी पड़ी थी, लेकिन इस बार उपस्थित सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पारित किया गया। सभा में समिति के पिछले दो वर्षों की आय एवं व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही समिति का आधिकारिक कार्यालय का पता एसएफ 202, नारायण प्लाजा, पंडित शिवदीन जी का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर तय किया गया। महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समिति का नाम बदलकर श्री देवनारायण आदर्श समाज सामूहिक विवाह आयोजन समिति, जयपुर रखा गया। सदस्यता नवीनीकरण पर स्पष्ट किया गया कि प्रत्येक सदस्य को हर 5 वर्ष में 200 रुपए जमा कर सदस्यता नवीनीकृत करवानी होगी, तभी वह चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकेगा । उपस्थित समाजबंधुओं ने तालियों के साथ नए पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने की तेली महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

कानून व्यवस्था



**करौली,अजीम खान हिंडौन/तेली** महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष लतीफ आरकेओ के साथ अखिल राजस्थान हिदायतुल मुस्लिम तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन और उनके साथ प्रदेश सचिव जाकिर हुसैन उर्फ बबलू भाई और इंजिनियर अशरफ़ अली के साथ जयपुर स्थित होटल आरकेओ पैलेस में बैठक हुई। लगभग 3 घंटे चली इस बैठक में समाज के मुद्दों पर चर्चा हुई मुलाकात खुशनुमा रही यह जानकारी अखिल राजस्थान हिदायतुल मुस्लिम तेली समाज के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद रफीक ने दी।

# राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने डॉक्टर ऋतुराज मीना के पीएमओ बनने पर किया अभिनंदन-

कानून व्यवस्था



चाकसू (लोकेश कुमार गुप्ता )राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन और जयपुर संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मीणा, संगठन प्रभारी शीशराम महला के नेतृत्व में आज प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ऋतुराज मीणा बनने पर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन ने उनको साफा पहनकर, संगठन प्रभारी ने शीशराम महला ने पुष्प गुच्छ देकर, ओमप्रकाश मीणा ने उनको माला पहनाकर अभिनंदन किया।चाकसू के राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन के फार्मासिस्ट मेघा राजावत, फार्मासिस्ट संविदा फार्मासिस्ट मोहन गुर्जर,नमो नारायण शर्मा,शुभम बैरवा , राम भजन गुर्जर के स्थानीय निवासियों में चेतन सैनी, नसीम अहमद, पत्रकार संगठन के पत्रकार लोकेश कुमार गुप्ता, फखरुद्दीन खान,वरिष्ठ पत्रकार अनिल पारीक, ,संजय शर्मा,वसिम खान, दिनेश गुर्जर,सौरंग सैनी उपस्थित रहे

# नसीराबाद में 'राजस्थान का साहित्यिक आंदोलन' कार्यक्रम सम्पन्न

कानून व्यवस्था



**नसीराबाद** । नसीराबाद में आयोजित 'राजस्थान का साहित्यिक आंदोलन' कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं आंदोलन के संस्थापक अनिल सक्सेना 'ललकार' का प्रेरक मुख्य व्याख्यान केंद्र में रहा। उन्होंने कहा, ÷साहित्य केवल किताब नहीं, बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण और मन के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। जब विद्यार्थी साहित्य से जुड़ते हैं, तो उनमें संवेदनशीलता, तर्कबुद्धि और समाज को दिशा देने की क्षमता विकसित होती है।÷सक्सेना ने भारतीय संस्कृति, भाषा-संवर्धन, नैतिक मूल्यों तथा शिक्षा व्यवस्था पर आधुनिक प्रभावों के संबंध में विस्तृत विचार व्यक्त किए। उन्होंने रामायण और महाभारत के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी जड़ों, संस्कृति और साहित्य से जुड़ने की प्रेरणा दी।यह एक दिवसीय व्याख्यान एवं परिसंवाद यूथ मूवमेंट राजस्थान, न्यू संस्कृति स्कूल तथा श्री बालाजी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

# व गो चिकित्सालय में मोक्षदा एकादशी पर सेवा कार्य

कानून व्यवस्था



**सीकर।सीकर** के पीपली नगर स्थित शिव गो चिकित्सालय मे सोमवार को मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर बीमार गौ माता की सेवा हुयी गौशाला की संचालिका गो सेविका ज्योति तनवानी के नेतृत्व में सिंधी समाज की श्री झूलेलाल साई महिला मंडली के द्वारा चिकित्सालय में दवाइयां हरा चारा, गुड़,,की सेवा की गयी कार्यक्रम मे गो रक्षा सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णु स्वामी, डॉ संजय चौधरी पशुधन सहायक राहुल मीणा विजेंद्र चौधरी डॉक्टर हिमांशु यादव,कमला मोहनानी, कोमल मोहनानी, जानकी बागवानी, मलकि, मधु ,निकिता अवतानी, कविता बागवानी जया रिजवानी नैना रिजवानी पूजा रिजवानी कुंदन शर्मा,सहित गो रक्षा सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बाय पंचायत समिति बनाने को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन जारी

कानून व्यवस्था



**खाटूश्यामजी/विजेंद्र** सिंह दायमा।बाय पंचायत समिति बनाने को लेकर 8वे दिन काली पट्टी बांध कर सरकार के फैसला का विरोध प्रदर्शन किया।पंचायत समिति बाय बचाओ संघर्ष समिति के धरने का संचालन करे रहे विनोद भारती ने बताया कि बाय कस्बे में बाबा लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर पर बाय के आसपास के क्षेत्र जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग लगातार आठ दिन से धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं।लेकिन सरकार का कोई भी नुमाइंदा आकर सुध नहीं ले रहा हैं।आम जनता आक्रोशित है। यदि समय रहते सरकार इस समस्या का हल नहीं करती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।आने वाले दिनों में आंदोलन को तेज करते हुए मसाल,जुलूस कैंडल मार्च किया जाएगा।केसर मल गोठवाल ने बताया कि बाय पंचायत समिति हमारा हक और हक और अधिकार है हम इसको लेकर रहेंगे।मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बाय पंचायत समिति को बहाल करने की मांग की जाएगी।इस दौरान बृजमोहन गुर्जरगोड,हंसराज कुमावत,सुल्तान मनियार,सोहनलाल ताखर,सत्यनारायण पाराशर अशोक पेंटर,पिंटू टेलर,अनारदीन मनियार,गुलाबदीन तेली,उस्मान तेली, सहित सैकड़ों गणमान्य लोग धरने पर मौजूद रहे।

# नालसा योजनाओं का जागरूकता शिविर आयोजित

## नालसा योजनाओं का जागरूकता शिविर आयोजित

कानून व्यवस्था



शाहपुरा न्यूज - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजीत कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुरा में नालसा योजनाओं का शिविर आयोजित किया गया। इस विधिक जागरूकता शिविर की समूह अनुदेशक बीरबल सैनी द्वारा अध्यक्षता कि गई।इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।नशा करने वालों के स्नायु तंत्र में मानसिक हलचल उन्हें भ्रमित करती है, और वह काल्पनिक चरित्र का किरदार निभाने का अभ्यास करने लगता है। नियमित नशा करने से हम लाईलाज कैंसर का मरीज बन जाता है। नशा की खुराक नहीं मिलने पर वह अपने घर से ही चोरी की अपराधिक पड़यंत्र करके धीरे-धीरे अपराधिक गतिविधियों में लग जाता है।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा 15 केन्टर सामान जब्त

कानून व्यवस्था



**जयपुर,** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में पालडी मीणा, जेडीए कॉलोनी, लुनियावास, गांधी नगर, खातीपुरा रेलवे स्टेशन, महल रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल, एनआरआई सर्किल, सेक्टर 08, प्रताप नगर, सरावनी मेन्शन, टोंक रोड़ जेकेजे, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, गोपालजी का रास्ता , कल्याण जी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जोरावर सिंह गेट, आमेर रोड, सुभाष चौक, रामगढ़ मोड़, कंवर नगर, ब्रह्मपुरी आदि स्थलों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 77 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 15 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## छापला भाजपा नेताओं का जमावड़ा कोपरेटिव अध्यक्ष किशोर डूडी ने किया स्नेहपूर्ण स्वागत

कानून व्यवस्था



**भोपालगढ़** (सुनील पाड़ीवाल)। क्षेत्र के छापला गांव में एक पारिवारिक समारोह के दौरान भाजपा के प्रमुख नेताओं का आगमन ग्रामीणों के लिए खास आकर्षण का केन्द्र रहा। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व छापला कोपरेटिव अध्यक्ष किशोर डूडी के परिवार में आयोजित विवाह समारोह के दौरान भाजपा के कई वर्तमान व पूर्व मंत्रियों सहित अनेक पदाधिकारियों व सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही। छापला गांव में आयोजित ये विवाह समारोह केवल एक पारिवारिक कार्यक्रम ही नहीं रहा बल्कि जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच संवाद का सुंदर उदाहरण भी बना।युवा उद्यमी रामप्रसाद डूडी व ओमप्रकाश डूडी ने बताया कि समारोह में पधारे जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मंत्री व पूर्व सांसद जसवंतसिंह बिश्नोई, पूर्व राजस्व मंत्री व राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी, ओसियां विधायक भैराराम सियोल, पूर्व मंत्री व विधायक कमसा मेघवाल सहित तमाम भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों का पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व कोपरेटिव अध्यक्ष किशोर डूडी छापला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत सत्कार कर उनकी अगवानी की। इस दौरान नेताओं ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए जनसंवाद किया व ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से अवगत करवाया,

## खाटूश्यामजी में उमड़ा आस्था का जन सैलाब, पैर रखने की जगह नहीं



कानून व्यवस्था

**राजस्थान** के सीकर जिले प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर में आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा है. जिसके बाद खाटूश्याम जी जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था कर रही है. दरअसल, सीकर जिले के खाटूश्यामजी में बाबा श्याम का दो दिवसीय मासिक मेला सोमवार को आस्था के चरम पर दिखाई दिया. अलसुबह से ही बाबा श्याम के दरबार में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. दूर-दराज़ से आए भक्तों ने बाबा की चौखट पर शीश नवाकर अपने परिवार व्यापार और सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं मांगीं.मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है. इस अवसर पर बाबा श्याम का किया गया मनमोहक फूलों से श्रृंगार , बाबा श्याम के इस मनमोहक श्रृंगार ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय में 'जीवन प्रबंध और गीता' विषय पर विशेष व्याख्यान

कानून व्यवस्था



**जयपुर,** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में आयोजित इस विशेष व?याख?यान में समाजसेवी एवं श्रीमद्भगवद्गीता विशेषज्ञ श्री रामकृष्ण गोस्वामी ने विद्यार्थियों से संवाद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एन. के. पाण्डेय ने की। उन्होंने हमारे जीवन में श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता निष्काम कर्म कि प्रेरणा देने वाला ग्रन्थ है वर्तमान परिपेक्ष में गीता के माध्यम से ही जीवन कि समस्याओं का हल निकला जा सकता है। गीता त्योहारों से अलग, जयंती के रूप में मनाया जाती हैं। प्रो. पाण्डेय ने बताया कि गांधीजी कहते थे कि ÷जब भी मैं उलझन में होता हूं तो गीता पढ़ता हूं।÷अपने उद्बोधन में श्री रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि धर्म कि आत्मा न्याय है और न्याय की स्थापना के लिए प्रयास करना चाहिए । गीता की 5162 वीं जयंती पर श्री गोस्वामी ने बताया कि गीता हमें फल कि इच्छा के बिना कर्म करने कि प्रेरणा देती है। उन्होंने अपने निजी अनुभावों से बताया कि तिहाड़ जेल में कैद कैदियों के गीता पाठ से उनके चरित्र का उत्थान हुआ। श्री गोस्वामी द्वारा इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं स्टाफ को श्रीमद्भागवद्गीता भेंट की।

## सिकराय में दो बीएलओ को सम्मानित किया। सिकराय

कानून व्यवस्था



विद्यानसभा क्षेत्र सिकराय में मतदाता गणना पपत्र ओर डिजिटाईजेशन का कार्य समय परकिया जा रहा है विधानसभा में विभिन्न मतदान केन्द्रो पर बीएलओ दारा किए जा रहे कार्य का मूल्यांकन किया गया इसमें बीएलओ रामकरण मीना व बीएलओ दिनेशसिह गुर्जर को निष्ठापूर्ण मतदाताओं का पंजीकरण कर सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन किया इन उत्कृष्ट बीएलओ को एसडीएम नवनीत कुमार द्वारा सम्मानित किया गया इस मोके पर तहसील हेमेन्द्र मीना चुनावप्रभारी मनोहरलालमीणा आदि भी उपस्थित थे

# जवाली से जैन साध्वीजी ने विहार किया ,

कानून व्यवस्था



**अजय कुमार** जवाली गांव के श्री मरूधर केसरी जैन स्थानक जवाली से जैन साध्वी अमीतमाला श्रीजी मः साः साध्वी मैत्रीमाला श्रीजी मः साः (ममता मः साः ) आदि ठाणा आज मैन बाजार होस्पीटलं मार्ग पंचायत रोड होते हुए नादाणा रानी की तरफ विहार किया जहा ग्रामणों ने दर्शन का लाभ लिया अतःमें साध्वीजी महांमंगालिक फरमाया इस मौके पर उत्तमचन्द गांधी देवेन्द्र जैन संजय गांधी श्रीपाल जैन शात्तीलाल गांधी पुष्पा गाँधी रेन्नूबाला जैन आदि ग्रामीण मौजूद थे

## सासंद सी.पी.जोशी के प्रयासों से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मिली आर्थिक मदद

कानून व्यवस्था

**नई दिल्ली/चित्तौड़गढ़,** चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के गांव गागरोल बरेखान छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ़ के निवासी श्रीमती भूरी बाई माली पति श्री घनश्याम माली को गंभीर बीमारी के ऑपरेशन के लिये 50,000 रू. (पचास हजार रुपये) तथा श्रीमती लीना पति श्री भरत कुमार निवासी चौथमाता का चौक, बेंगू जिला चित्तौड़गढ़ को गंभीर बीमारी के ईलाज के लिये 2,80,000 रू. (दो लाख अस्सी हजार रुपये) सांसद सी.पी.जोशी के प्रयासों से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सैद्धांतिक मंजूर कर संबंधित का इलाज कर रहे चिकित्सालय को उपरोक्त राशि जारी की है।

## राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महेश व्यास ने 2 नियुक्तियां की

कानून व्यवस्था



**जिला अध्यक्ष** - सिरोही एवं उदयपुर की घोषणा महासंघ के संगठनात्मक विस्तार को सशक्त करते हुए, महेश व्यास,प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ ने महासंघ के संविधान में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है 1श्री इंदर सिंह देवड़ा,प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, सिरोही को

### जिला अध्यक्ष, सिरोही नियुक्त किया गया है।

2श्री मनोहर लाल मेनारिया, राजस्थान श्रीगंगानगर शुगर मिल, उदयपुर को जिला अध्यक्ष, उदयपुर नियुक्त किया गया है। दोनों जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी-अपनी जिला कार्यकारिणी शीघ्र गठित करें* तथा महासंघ को सूचित करें। प्रदेश प्रवक्ता श्री बलराम गुर्जर ने जानकारी दी कि इन नियुक्तियों से महासंघ की सांगठनिक शक्ति को ज़मीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ प्रदेशभर में कर्मचारियों के हितों की प्रभावी रूप से रक्षा एवं संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध है।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर किए गिरफ्तार चोरी की ईको कार बरामद

कानून व्यवस्था



बूंदी। सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दो शातिर मास्टरमाइंड अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई एक ईको कार को बरामद कर लिया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा (IPS) के निर्देशन में की गई, जो संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के तहत लगातार कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं।19 जनवरी 2024 को न्यू मानसरोवर कॉलोनी, चित्तौड़ रोड बूंदी से ईको कार चोरी होने का मामला दर्ज हुआ था। शहर और हाईवे पर लगे 50 से 60 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा और वृताधिकारी अरुण कुमार मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी रमेशचंद आर्य के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी व मानवीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिर फ्तार आरोपी शातिर और चालानशुदा अपराधी हैं, जो अलगङ्कअलग राज्यों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरोपी रामप्रसाद उर्फ राजवीर ने बताया कि वह पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक है और ह्युंडई कंपनी की कारों, खासकर क्रेटा, को निशाना बनाता है।

## गगन सिंह राजपूत बने एनएसयूआई के महासचिव

कानून व्यवस्था



**संवाददाता भीम सिंह राजपूत/गगन सिंह** राजपूत एनएसयूआई के भरतपुर जिले के महासचिव नियुक्त किए गए गगन की कार्य प्रणाली को देखते हुए उनके उत्साह को देखते हुए महासचिव नियुक्त किया गया है कर्मटशील भीम सिंह राजपूत के बड़े पुत्र को नियुक्त किया गया

## खेलों से सर्वांगीण विकास होता हैं - फादर जॉनसन

कानून व्यवस्था



**गंगापुर सिटी** । स्थानीय रीको इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सेंट फ्रांसिस डी सेल्स सी.सै.स्कूल में स्पोर्ट्स डे के अवसर पर फ्रांसेलियन सोसाइटी पुणे के प्रोविंशियल फादर जॉनसन गोंजाल्विस ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि खेलों से सर्वांगीण विकास होता हैं। हमें विद्यार्थियों को खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गंगापुर सिटी की न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीता यादव ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर माइकल प्रेम कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ड्रिल, सारी ड्रिल,लेंजियम,पीटी,योग, ताइक्वांडो आदि का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर फादर वेदा माणिकक्म, सेंट पीटर्स चर्च गंगापुर सिटी के पुरोहित फादर प्रभाकर, फादर इन्फेंट, मारिया मॉर्डन स्कूल के प्राचार्य राधाकांत मंत्री सहित शिक्षक - शिक्षिकाएं, एवं अभिभावक गण उपस्थित थे। राष्ट गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## विद्यार्थियों को समर्पण ध्यान योग से होने वाले लाभों की दी जानकारी।

कानून व्यवस्था



**चाकसू ( निस)** क्षेत्र के जाने-माने सेवाभावी एवं ध्यान योग के प्रचार प्रसार में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर रविन्द्र नारोलिया ने सोमवार को यहां ल्यूसेंट चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्रार्थना समय पर बालक बालिकाओं को ध्यान-योग करने के बारे में जानकारी दी एवं योग करवाया। ध्यान-योग के सवेरे सवेरे नियमित रुप से करने पर होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि इस क्रिया से बालकों की स्मरण शक्ति, संकल्प शक्ति, मानसिक एकाग्रता एवं आत्म विश्वास में वृद्धि होती है। बौद्धिक विकास होता है। परीक्षा की तरफ यारी में मददगार होता है।डॉ रविन्द्र नारोलिया ने बालक बालिकाओं को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दीर्घकालिक दुष्प्रभाव के बारे मे विस्तार से बताते हुए आग्रह किया कि आवश्यकता के समय उपयोग करें। समर्पण ध्यान योग में संस्थान के प्रबंध निदेशक इरशाद खान एवं विद्यालय प्रिंसिपल रविन्द्र कुमार ने भाग लेते हुए अत्यधिक रुचि दिखाई एवं विश्वास दिलाया कि बालकों को नियमित रूप से समर्पण ध्यान योग से लाभान्वित करेंगे।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा पंजाब का युवक गिरफ्तारः

कानून व्यवस्था



**राजस्थान** पुलिस की CID इंटेलिजेंस विंग ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। सीआईडी ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (ISI) के लिए जासूसी करने वाले पंजाब के युवक को श्रीगंगानगर से गिरफ्तार किया है।जासूस की पहचान प्रकाश सिंह उर्फ बादल (34) निवासी फिरोजपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। श्रीगंगानगर में सैन्य क्षेत्र के आस-पास घूमते पकड़ा गया यह जासूस भारतीय सेना की हर हरकत पर नजर रखकर फोटो-वीडियो ।वॉट्सऐप पर पाकिस्तान भेज रहा था सेना की सूचनाएं



# नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों को चौंकाया भाग्यश्री ने

56 साल की उम्र में भी अभिनेत्री भाग्यश्री का ग्लो और एनर्जी किसी युवा अभिनेत्री से कम नहीं है। भाग्यश्री सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और फैंस को समय-समय पर फिट रहने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपनी मासूम अदाओं और सादगी भरे अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री भाग्यश्री आज भी अपनी खूबसूरती और फिटनेस के लिए चर्चा में रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने हाल ही में एक नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों को चौंका दिया है। भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह जिम में ड्रिल एक्सरसाइज करती हुई नजर आती हैं। वीडियो में वह अपने फॉलोवर्स को चैलेंज देती हैं और कहती हैं 'चलिए देखते हैं कि आप कितने फुर्तीले हैं।' वीडियो में भाग्यश्री दो अलग-अलग ड्रिल एक्सरसाइज करती हैं, जिसमें उन्हें कुल 7 सेकंड का समय लगता है। उनकी तेज गति और बेहतरीन कॉन्सन्ट्रेशन देखकर फैंस दंग रह गए और कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बौछार कर दी। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 卐इसकी प्रैक्टिस से चपलता, गतिशीलता और ध्यान का परीक्षण किया जाएगा। मुझे हर एक्सरसाइज को करने में 7 सेकंड लगे। इसे आजमाएं और बताएं कि आपको कितना समय लगा। इसे रोजाना करें और अपनी गति बेहतर करने के लिए खुद से प्रतिस्पर्धा करें।' भाग्यश्री का यह फिटनेस चैलेंज तेजी से वायरल हो रहा है और कई यूज़र्स इसे आज़माने की बात कह रहे हैं। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि 56 की उम्र में भी उनकी फुर्ती और फिटनेस युवा खिलाड़ियों जैसी है। इससे यह भी साबित होता है कि नियमित अभ्यास और अनुशासन से किसी भी उम्र में फिट रहा जा सकता है। ड्रिल एक्सरसाइज को स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग माना जाता है, जो शरीर की फुर्ती, संतुलन, गति और समन्वय क्षमता को बढ़ाती है। एक्सरसाइज खिलाड़ियों और धावकों के लिए खासतौर पर लाभकारी मानी जाती है, लेकिन अब आम लोग भी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। यह न केवल शरीर को लचीला बनाती है, बल्कि दिल और दिमाग की सेहत भी बेहतर करती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्रतिदिन 15 मिनट ड्रिल एक्सरसाइज की जाए तो यह शरीर में हार्मोनल बैलेंस बनाने, तनाव कम करने, मूड हल्का करने और दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती है।



# सिंदूर और मंगलसूत्र वाले लुक ने फैंस का दिल जीता रानी ने

भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी एक बार फिर चर्चा में हैं। अपने दमदार अभिनय और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली रानी सोशल मीडिया पर भी बेहद सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने फैंस को अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ की झलक दिखाती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म 'यूपी वाली और बिहार वाली' के सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिन्हें देखकर फैंस बेहद खुश और उत्साहित हो गए। पोस्ट की गई तस्वीरों में रानी चटर्जी नारंगी रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने हल्का मेकअप किया हुआ है, मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र पहना हुआ है, जो उनके लुक को पूरी तरह ट्रेडिशनल और आकर्षक बना रहा है। रानी का यह अवतार देखकर फैंस उनकी खूबसूरती और सरलता की खूब तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ भोजपुरी गाना 'कहे नाहीं कहलू पहिले' भी जोड़ा है, जो तस्वीरों के भाव को और खास बनाता है। तस्वीरें शेयर करते हुए रानी ने एक भावुक कैप्शन लिखा 'दिल बड़ा तो तू बड़ा', जिसने फैंस के बीच उत्सुक्ता और बढ़ा दी। सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद कई फैंस ने कमेंट कर रानी की तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत प्यारी लग रही हैं आप, अब आप भी शादी कर लीजिए और अपने पति के लिए व्रत रखिए।' वहीं, एक अन्य ने कहा, 'मंगलसूत्र और सिंदूर में आप बहुत सुन्दर लग रही हैं।' कुछ लोगों ने मज़ाक में यह भी पूछा कि कहीं रानी ने सच में शादी तो नहीं कर ली!

रानी चटर्जी ने भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय कौशल से एक खास जगह बनाई है। यह अभिनेत्री फिल्मी दुनिया में लंबा और मजबूत सफर तय कर चुकी हैं और उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती जा रही है। हाल ही में उनकी कई फिल्में रिलीज हुई हैं, और कुछ जल्द ही बड़े पर्दे पर आने वाली हैं। वर्तमान में रानी ने अपनी नई फिल्म 'यूपी वाली और बिहार वाली' की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद पोस्ट के जरिए दी। मंजुल ठाकुर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी के अलावा संजना, प्रशांत सिंह, आलोक सिंह राजपूत, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, स्वेता वर्मा और गोपाल चौहान जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही रानी की 'जानम' और 'बैरी बहुरिया' भी हाल ही में रिलीज हो चुकी हैं। रानी चटर्जी की नई तस्वीरों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, और फैंस उनसे जुड़े हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

# टाइगर के साथ दिशा की केमिस्ट्री को फैंस ने किया बेहद पसंद

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी की लव लाइफ सालों से लोगों की दिलचस्पी का बड़ा विषय रही है। दिशा का नाम सबसे ज्यादा टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ा गया। टाइगर के साथ उनकी केमिस्ट्री को फैंस ने बेहद पसंद किया। हालांकि बहुत कम लोग जानते हैं कि दिशा का नाम दो और स्टार्स के साथ भी जुड़ चुका है, जिनके साथ उनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ का रिश्ता लंबे समय तक लाइमलाइट में रहा। दोनों को अक्सर साथ देखा जाता था जिम से लेकर लंच डेट्स और विदेश यात्राओं तक की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती थीं। दिशा का टाइगर की मां आयशा श्रॉफ और बहन कृष्णा श्रॉफ के साथ भी घनिष्ठ रिश्ता था। हालांकि दोनों ने कभी अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया, लेकिन करीब छह साल तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद 2022 में दोनों ने अलग होने का फैसला किया। ब्रेकअप के बाद दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रहे हैं और अब दोनों के बीच कोई खास संपर्क नहीं है। टाइगर श्रॉफ से पहले भी दिशा पाटनी का नाम टीवी जगत के पॉपुलर एक्टर पार्थ समथान के साथ जुड़ा था। दोनों अपने करियर के शुरुआती चरण में एक-दूसरे के करीब आए और उनकी कई कोजी तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी थी। हालांकि कुछ समय बाद यह रिश्ता अचानक खत्म हो गया। उस वक्त खबरें थीं कि पार्थ और विकास गुप्ता के बीच कथित विवाद के चलते दिशा और पार्थ के रिश्ते में दरार पड़ी, हालांकि इस पर किसी ने खुलकर कुछ नहीं कहा। बीते कुछ समय से दिशा का नाम विदेशी मॉडल और फिटनेस ट्रेनर अलेक्जेंडर एलेक्स इलिक के साथ भी जोड़ा गया।



दोनों को अक्सर जिम, कैफे, इवेंट्स और पार्टियों में साथ देखा जाता था। सोशल मीडिया पर उनकी कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुए, जिससे उनके रिश्ते की चर्चाएं तेज हुईं। यहां तक कि अलेक्जेंडर के हाथ पर बने एक टैटू को देखकर फैंस ने कहा कि इसमें दिशा का चेहरा नजर आता है। हालांकि रिपोर्ट्स के अनुसार यह रिश्ता भी अब समाप्त हो चुका है और दोनों अपने-अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं। दिशा पाटनी की लव लाइफ भले ही उतार-चढ़ाव से भरी रही हो, मगर उनकी प्रोफेशनल लाइफ लगातार आगे बढ़ रही है।

# रानी चटर्जी के पुराने वीडियो पर आई लाइक्स की बाढ



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने एक खास वीडियो पोस्ट करके पुराने दिनों की यादें ताज़ा कर दीं। वीडियो में रानी एक गाड़ी में बैठी दिख रही हैं और 1988 की रोमांटिक फिल्म 'कयामत से कयामत तक' के सुपरहिट गाने 'ऐ मेरे हमसफर' पर शानदार एक्सप्रेशन देते हुए नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर प्रशंसकों के लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई यूज़र्स ने उनके अंदाज की तारीफ करते हुए लिखा कि रानी ने इस गाने में नई जान डाल दी है। वीडियो के कैप्शन में रानी ने लिखा '90 दशक के चाहने वालों, जरा ध्यान दें। फिर, प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए।' उनकी इस बात ने लोगों में पुरानी यादें ताजा कर दीं और कमेंट बॉक्स में फैंस ने ढेरों प्रतिक्रियाएं दीं। कोई उनके एक्सप्रेशन की तारीफ करता दिखा तो कोई इस रोमांटिक गाने को अपना पसंदीदा बता रहा था। रानी चटर्जी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'यूपी वाली और बिहार वाली' में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है।

# श्रद्धा कपूर के करियर में नए अध्याय की शुरुआत



एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर राइटर-डायरेक्टर राहुल मोदी के साथ बॉन्डिंग खूब चर्चा में रहती है। फैंस को एक्ट्रेस ने हाल ही एक और खुशखबरी दी है। श्रद्धा कपूर ने बताया कि वह राहुल मोदी की अगली फिल्म का हिस्सा हैं और इस फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है। श्रद्धा के मुताबिक, फिल्म का आधिकारिक एलान बहुत जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब वह अपने किरदारों और फिल्मों की स्क्रिप्ट को चुनने में अधिक सोच-समझकर कदम उठा रही हैं, ताकि हर प्रोजेक्ट उनके करियर में नया मूल्य जोड़ सके। श्रद्धा ने खुलासा किया कि राहुल मोदी की यह फिल्म स्टार्टअप कल्चर और आधुनिक युवाओं की तेज रफ्तार वाली 'असल लाइफस्टाइल' को दर्शाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक दीपक शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, प्लांट नं.17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड जयपुर,(राज.)से मुद्रित तथा 3935, दीपकुंज, दीनानाथजी की गली, नॉ ग्रह मंदिर के पास जयपुर (राज.) से प्रकाशित सम्पादक दीपक शर्मा, मो. 9352779494 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ) सीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।